# फिनलैंड, स्वीडन ने नाटो की सदस्यता के लिए दिया आवेदन

कदम

## रूस के बढ़ते खतरे के बीच दोनों देशों ने उठाया यह कदम




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रसेल्स। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टनबर्ग ने बुधवार को कहा कि फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो में शामिल होने के लिए आधिकारिक तौर पर आवेदन दिया है। दोनों देशों ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद बढ़ी चिंताओं के बीच सबसे बड़े सैन्य गठबंधन में शामिल होने के लिए यह कदम उठाया है। स्टोल्टनबर्ग ने दो नॉर्डिक देशों के राजदूतों से आवेदन प्राप्त करने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मैं नाटो में शामिल होने के फिनलैंड और स्वीडन के अनुरोध का स्वागत करता हूं। आप हमारे निकटतम साझेदार हैं।'

अब इन आवेदनों को कम से कम 30 सदस्य देशों की मंजूरी मिलना जरूरी है। पूरी प्रक्रिया में दो सप्ताह का वक्त लग सकता है, हालांकि तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन फिनलैंड और स्वीडन को नाटो में शामिल करने को लेकर आपत्ति जता चुके हैं। अगर आपत्तियों को दूर कर लिया गया और बातचीत आगे बढ़ती है तो दोनों देश कुछ ही महीनों में नाटो में शामिल हो जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में आमतौर पर आठ से 12 माह का वक्त लगता है, लेकिन नाटो इसे जल्द पूरी करना चाहता है। गौरतलब है कि 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से स्वीडन और फिनलैंड में नाटो में शामिल होने पर आम राय बनी है।

**फिनलैंड-स्वीडन पर भड़के तुर्की के राष्ट्रपतिः** इस बीच तुर्की ने इस बात पर जोर दिया कि वह इन दोनों नॉर्डिक देशों के कुर्दिश उग्रवादियों को कथित समर्थन के कारण नाटो में शामिल नहीं होने देगा। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने स्वीडन और फिनलैंड के नाटो में शामिल किए जाने के आग्रह पर आपत्ति जताते हुए दोनों देशों पर आरोप लगाया कि उन्होंने कुर्दिश उग्रवादियों और अन्य उन समूहों पर 'स्पष्ट' रूख नहीं अपनाया जिन्हें तुर्की आतंकवादी मानता है।

फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली नीनिस्तो ने स्वीडन की राजधानी स्टाकहोम की यात्रा के दौरान कहा, 'तुर्की के बयान बहुत तेजी से बदल रहे हैं और पिछले दिनों थोड़े सख्त हो गये हैं। लेकिन मुझे विश्वास है कि हम सकारात्मक बातचीत से हालात का समाधान निकाल लेंगे।' फिनलैंड की संसद ने इस देश की सरकार के नाटो में शामिल होने के प्रस्ताव को जबरदस्त समर्थन दिया है। मंगलवार को 200 सदस्यीय सदन में 8 के मुकाबले 188 सदस्यों ने पश्चिमी देशों के 30 सदस्यीय सैन्य संगठन की सदस्यता के लिए मतदान किया।


## इस्तीफा देने के बाद पहली बार संसद पहुंचे महिंदा राजपक्षे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने बुधवार को संसद में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्हें प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद उच्च सुरक्षा के बीच एक नौसेना शिविर में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा था। आर्थिक संकट के खिलाफ हिंसक विरोध के बीच बड़े पैमाने पर राजपक्षे को दोषी ठहराया गया था। पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद वह पहली बार संसद पहुंचे।

तीन बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री रहे महिंदा राजपक्षे (76) ने पिछले हफ्ते अपने आवास को आग लगते देखा। वह, अपनी पत्नी और परिवार के साथ, अपने आधिकारिक निवास टेंपल ट्रीज से भाग गये थे और त्रिंकोमाली में नौसैनिक अड्डे पर शरण ली थी।

महिंदा राजपक्षे ने पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उनके समर्थकों ने सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर हमला किया था। इस घटना के बाद अधिकारियों को देशव्यापी कर्फ्यू लगाने और राजधानी में सेना के जवानों को तैनात करने के लिए प्रेरित किया गया था। इस हमले ने राजपक्षे समर्थक राजनेताओं के खिलाफ व्यापक हिंसा शुरू कर दी।



## मंगल ग्रह की धूल ने बढ़ाई नासा के इनसाइट लैंडर की मुश्किलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। मंगल की रहस्यमय सतह के अंदर का खुलासा कर नासा का इनसाइट लैंडर अब रिटायरमेंट की ओर बढ़ रहा है। 2018 से यह लैंडर मंगल ग्रह पर है। इस लैंडर के रिटायरमेंट के पीछे सबसे बड़ी वजह पावर सप्लाई है। घटती बिजली आपूर्ति के कारण मिशन गर्मियों के अंत तक बंद कर दिया जाएगा। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में इनसाइट डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर कात्या जमोरा गार्सिया ने इसकी पुष्टि की है। इनसाइट में पावर सप्लाई खत्म होने के पीछे इसके सोलर पैनल हैं। इसके सोलर पैनल मंगल ग्रह की लाल मिट्टी से पूरी तरह ढंक गए हैं।

# किम जोंग उन की कोरोना के खिलाफ जंग बेअसर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सोल। उत्तर कोरिया में बुधवार को बुखार के 2,32,880 नए मामले सामने आए और इससे पीड़ित छह और लोगों की मौत हो गई। देश के नेता किम जोंग-उन ने अधिकारियों पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के बढ़ते प्रकोप से निपटने में 'लापरवाही बरतने' का आरोप लगाया है। उत्तर कोरिया के वायरस रोधी मुख्यालय ने बताया कि अप्रैल के अंत से 17 लाख लोगों को बुखार हो चुका है, जिनमें से कम से कम 6,91,170 लोग अब भी पृथक-वास में रह रहे हैं।

वहीं, इस बुखार से अभी तक 62 लोगों की मौत हुई है। विशेषज्ञों

उत्तर कोरिया में 2,32,880 नए मामले

का कहना है कि इनमें से अधिकतर लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो सकते हैं, उत्तर कोरिया के पास जांच की पर्याप्त व्यवस्था ना होने के कारण इस बात की पुष्टि नहीं हो पा रही है कि ये संक्रमण के मामले हैं या नहीं। उत्तर कोरिया की खराब स्वास्थ्य प्रणाली के कारण वायरस के प्रसार को रोकने में नाकामी उसके लिए खतरनाक साबित हो सकती है। **कोविड-19 रोधी टीके नहीं लगेः** करीब 26 करोड़ आबादी वाले इस देश में अधिकतर लोगों को कोविड-19 रोधी टीके नहीं लगे हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के अनुसार, किम ने सत्तारूढ़ कोरियाई वर्कर्स पार्टी की पोलित ब्यूरो की मंगलवार को हुई बैठक में अधिकारियों के वैश्विक महामारी से निपटने के तरीकों की निंदा की।

उन्होंने संकट से निपटने में कोताही बरते जाने की बात कही और मौजूदा स्थिति के लिए अधिकारियों के लापरवाह रवैये को जिम्मेदार ठहराया। उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित 'कोवैक्स' टीका वितरण कार्यक्रम से मदद लेने का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया था। उत्तर कोरिया ने कोविड-19 वैश्विक महामारी फैलने के दो साल से अधिक समय बाद गत बृहस्पतिवार को संक्रमण के पहले मामले की पुष्टि की थी।

## समंदर में फेंका जाल तो फंसी 18 क्रोकर मछलियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक मछुआरे ने मछली पकड़ने के लिए जाल फेंका तो उसकी किस्मत चमक गई। बलोचिस्तान के दरन, जिवानी में 15 मई को मछुआरे को 18 बड़ी क्रोकर मछली मिली है। बलोच भाषा में इस मछली को कीर कहते हैं। मछलियों के कीमत की बात करें तो यह लाखों की हैं। सबसे बड़ी मछली लगभग पांच लाख की है, जबकि छोटी मछलियों की कीमत एक लाख रुपए की है। नाव के कैप्टन सज्जाद उमर इन मछलियों को पकड़ कर बहुत खुश थे। उन्होंने कहा कि एक दिन मछलियों की तलाश से लाखों रुपए मिले हैं। क्रोकर और जापानी मीगर दो ऐसी मछलियां हैं जो पाकिस्तानी समंदर में पाई जाती हैं और बेहद महंगी बिकती हैं। इनके बड़ी कीमतों के पीछे इनके बड़े ब्लैडर (मूत्राशय) हैं। जिनका इस्तेमाल इलाज में किया जाता है। इस मछली के ब्लैडर का इस्तेमाल गर्भावस्था में होता है। जोड़ों के दर्द के लिए इसका सूप बनाया जाता है जो बेहद कारगर माना जाता है।

## न्यूज डायरी



### शी चिनफिंग के तीसरे कार्यकाल में बदल जाएंगे कई बड़े चेहरे!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के तीसरे कार्यकाल में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। ऐसा उनक करीबियों के रूप में अब तक उनके साथ काम करने वाले चेहरों के बदलाव के रूप में दिखाई दे सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि तीसरे कार्यकाल के दौरान शी चीन के प्रीमियर ली केकियांग समेत पांच अन्य करीबियों को बदल सकते हैं। बता दें कि चाईनीज कम्यूनिस्ट पार्टी की मजबू सेंट्रल कमेटी, जिसमें शी ने बदलाव किया है, इसमें कोई भी इसको लेकर सहज दिखाई नहीं दे रहा है। पार्टी ने पोलित ब्यूरो में 25 सदस्यों का चयन किया है। इसमें से सात सदस्य, जिसमें राष्ट्रपति भी शामिल हैं, ने पोलित ब्यूरो स्टेंडिंग कमेटी का गठन किया है। ये सबसे मजबूत बाडी है। हांगकांग पोस्ट का कहना है कि वो तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जा चुके हैं इसलिए शी के रिटायरमेंट की बात करने का फिलहाल कोई औचित्य नहीं है।

### हिंदुस्तान एस-400 तैनात कर चीन और पाकिस्तान से निपटेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान और चीन से खतरे के मद्देनजर देश की रक्षा के लिए भारत जून 2022 तक एस-400 मिसाइल प्रणाली की तैनाती की योजना बना रहा है। अमेरिका की रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल स्कॉट बेरियर ने कांग्रेस की एक सुनवाई के दौरान सांसद की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत को पिछले वर्ष दिसंबर से रूस से एस-400 मिसाइल प्रणाली मिलने लगी है। अक्टूबर 2021 तक भारत की सेना अपनी जमीनी तथा समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए तथा साइबर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उन्नत निगरानी प्रणालियों की खरीद पर विचार कर रही थी। बेरियर ने कहा, 'दिसंबर में भारत को रूसी एस-400 मिसाइल प्रणाली की प्रारंभिक खेप प्राप्त हुई और पाकिस्तान तथा चीन से खतरे को देखते हुए भारत जून 2022 तक इस प्रणाली के संचालन की योजना बना रहा है।'

### हर साल 90 लाख लोगों की प्रदूषण से हो रही मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। एक नये अध्ययन में दावा किया गया है कि वैश्विक स्तर पर हर साल होने वालीं 90 लाख मौत के मामलों के लिए सभी प्रकार का प्रदूषण जिम्मेदार है तथा वाहनों और उद्योगों के धुएं के कारण हुए वायु प्रदूषण की वजह से मरने वालों की संख्या 2000 के बाद से 55 प्रतिशत बढ़ गई है। द लांसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नलस में प्रकाशित एक नए अध्ययन के अनुसार, अमेरिका प्रदूषण से होने वाली मौतों के मामले में शीर्ष 10 देशों में से एकमात्र ऐसा देश है जो पूरी तरह से उद्योग पर निर्भर है। 2019 में प्रदूषण से होने वालीं 142,883 मौतों के साथ वह विश्व में सातवें स्थान पर है, जिसके पहले और बाद में क्रमशः बांग्लादेश और इथियोपिया हैं। पूर्व-महामारी अध्ययन वास्तव में ''ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज'' के आंकड़ों और सिएटल में स्थित ''इन्स्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवॅल्यूशन'' के आंकलन पर आधारित है।

### दो सिखों के बाद अब लाहौर में अहमदिया मुस्लिम की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान में एक 'कट्टरपंथी' ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 35 वर्षीय शख्स की उसकी आस्था की वजह से चाकू घोंपकर हत्या कर दी। यह वारदात मुल्क के पंजाब प्रांत की है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान की संसद ने वर्ष 1974 में अहमदिया समुदाय को गैर मुस्लिम घोषित कर दिया था। एक दशक बाद उनपर खुद को मुस्लिम बताने पर भी रोक लगा दी गई थी। उनपर उपदेश देने और सऊदी अरब की धार्मिक यात्रा करने को लेकर भी प्रतिबंध है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मोहम्मद सिद्दीकी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के सदस्य अब्दुल सलाम की 'धार्मिक कट्टरपंथी' हफीज अली रजा ने उसकी आस्था की वजह से उसकी चाकू घोंपकर हत्या कर दी।